दिनांक : 24.08.2025 समय : 07.10pm

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी भोपाल**
**सांध्यकालीनसमाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– भारत अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिये पूरी तरह तैयार है।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा कल जबलपुर के दो दिवसीय प्रवास पर।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिये सरकार निरंतर कार्य कर रही है।
- प्रदेश के दमोह और सागर सहित 8 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**गगनयान– रक्षामंत्री**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि यह महज तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया अध्याय है। श्री सिंह ने यह बात नई दिल्ली में गगन यात्रियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कही। इन यात्रियों में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप शामिल हैं।

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना जिले के बमोरी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामों कलोरा, तुमड़ा एवं बंधा का भ्रमण किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि ...

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 27 अगस्त को प्रदेश के महू स्थित आर्मी वार कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी रणसंवाद–2025 में शामिल होंगे। भारतीय सेना के रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौ सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी रणसंवाद में अपने विचार साझा करेंगे। 26 अगस्त से आयोजित इस संगोष्ठी में आधुनिक युद्ध, युद्ध रणनीतिं और रक्षा के क्षेत्र में तकनीकी समावेशन के परिवर्तनकारी प्रभाव पर चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी में वर्तमान में उभरती प्रौद्योगिकी और भविष्य के युद्ध पर उनका प्रभाव, आधुनिक सूचना युद्ध, युध्द के दौरान अंतरिक्ष–आधारित निगरानी और देश में सैन्य उपकरणों का उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं।

**नड्डा–जबलपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा दो दिवसीय प्रवास पर कल जबलपुर पहुंच रहे हैं। श्री नड्डा इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस दौरान श्योपुर और सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही धार, बैतूल, पन्ना और कटनी जिलों में पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर भी किये जाएंगे।

**नवकरणीय ऊर्जा–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में रोल मॉडल बनकर उभर रहा है। प्रदेश में स्थापित की गई अनेक अभूतपूर्व परियोजनाओं से सौर ऊर्जा की आपूर्ति न केवल प्रदेश में, बल्कि दिल्ली मेट्रो एवं भारतीय रेल को भी की जा रही है। ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर विश्व की सबसे बढ़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना स्थापित की है। मुरैना में भी एक अभिनव सौर परियोजना स्थापित की जा रही है। इस परियोजना की ऊर्जा भंडारण क्षमता 600 मेगावॉट होगी। परियोजना से प्रदेश में लगभग 4 हजार करोड़ रूपये का निवेश अपेक्षित है।

**प्रधानमंत्री – गुजरात दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से दो दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। वे अहमदाबाद में कल पांच हजार चार सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। यात्रा के दूसरे दिन, प्रधानमंत्री हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन का उद्‌घाटन करेंगे। वे बैटरी से चलने सौ देशों को निर्यात होने वाले इलेक्ट्रोनिक वाहनों की खेप को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

इस यात्रा के दौरान श्री मोदी एक हजार 400 करोड़ रुपये लागत वाली रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। श्री मोदी छह–लेन वाले अंडरपास के निर्माण की आधारशिला भी रखेंगे।

**दिल्ली–स्पीकर सम्मेलन**

गृहमंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। यह सम्मेलन केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया है। दो दिन के इस कार्यक्रम में, पीठासीन अधिकारियों को अपने अनुभव और सर्वोत्तम कार्यशैलियों को साझा करने तथा विधानमंडलों के कामकाज के नए तौर–तरीक़े तलाशने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का उद्देश्य कानून निर्माण में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है।

**एमएसएमई–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज MSME कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित स्टार्टअप एवं उद्यमी महाकुंभ 2025 में सहभागिता एवं लघु उद्योग भारती के भोपाल प्रदेश कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि...

कार्यक्रम में डॉ. यादव ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। लघु उद्योग भारती का मूल मंत्र है "दाम कम, दम ज्यादा"। यह हमारे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की भावना का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि किसी भी प्रकार का संस्थागत या बैंक लोन चुकता होते ही संबंधित बंधक संपत्ति मॉर्टगेज या डबल मॉर्टगेज से मुक्त हो जाएगी।

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक तेज बारिश की संभावना जताई है। आज दमोह, सागर सहित 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। नीमच जिले में पिछले 24 घंटे में औसत 23 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। डिंडोरी जिले में लगातार हो रही बारिश से नर्मदा नदी पूरे उफान पर है। तट पर होमगार्ड की टीमें लगातार निगरानी बनाए हुए हैं और तटों पर लोगों को जाने से रोक रहे हैं। मंडला मार्ग पर नदी में उफान से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध है। जबलपुर जिले में पिछले 24 घण्टे से लगातार बारिश का क्रम जारी है। दो दिन में ही लगभग 4 इंच बारिश हो चुकी है। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के चलते जबलपुर संभाग के जिलों में वर्षा लगातार जारी है।

**गगनयान मिशन–इसरो**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित पहले एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट–आईएडीटी–01 का परीक्षण किया। यह महत्वपूर्ण अभ्यास अंतरिक्ष यात्रियों को पैराशूट के जरिये सफलतापूर्वक उतारने से संबंधित है।

यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, भारतीय नौसेना तथा भारतीय तट रक्षक के संयुक्त प्रयासों से किया गया। इसके अतिरिक्त इसरो अन्य परीक्षणों की तैयारी भी कर रहा है। इनका उद्देश्य भारत के पहले मानव सहित अंतरिक्षयान की उड़ान का रास्ता बनाना है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल स्थित हिन्दी भवन में फूल माली समाज के 16वें राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। डॉ. यादव ने विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति–पत्र और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया।

- शिवपुरी जिले की जनपद पंचायत कोलारस में आज पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन एवं प्रचार–प्रसार तथा प्रविष्टि संबंधी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।
- छिन्दवाड़ा में लोक शिक्षण संचनालय मध्यप्रदेश भोपाल एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षक–शिक्षिकाओं के लिए विषयवार प्रशिक्षण जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।
- धार जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज ग्राम कानवन एवं विडवाल में आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवन का एवं ग्राम कोद में 30 बिस्तरिय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया।
- सीहोर जिला कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव तथा महालक्ष्मी पूजन के दौरान मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करें।

————————————